Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to revive the Barauni fertilizers plant in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, बरौनी में, बिहार में उर्वरक का एकमात्र कारखाना है, जो बहुत दिन पहले बंद कर दिया गया है। वैसे बिहार में कोई कल-कारखाना नहीं है और जो एकमात्र खाद की फैक्ट्री थी, जो हजारों लोगों की रोजी-रोटी का साधन था, उसे भी सरकार ने बंद कर दिया है। इसलिए उन सभी कर्मचारियों का परिवार एवं उस कारखाने पर आश्रित लोगों का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। राजस्व की भी क्षति हो रही है और किसानों को नुकसान हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन में आपके माध्यम से रसायन और उर्वरक मंत्री जी का ध्यान इस और आकृट करते हुए निवेदन करूंगा कि जो बरौनी में, बिहार में खाद का महत्वपूर्ण कारखाना बंद पड़ा है, उसे तुरंत चालू करवाया जाए ताकि वहां पर, उस पर आश्रित जो कर्मचारी एवं दूसरे लोग थे, उनकी रोजी-रोटी और भुखमरी की समस्या दूर हो सके तथा इस कारखाने के बंद होने से वहां जो रोजगार के अवसर बंद हो गए हैं, वे प्राप्त हो सकें। इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं और पुन: मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करता हूं कि इसे तुरंत चालू करवाया जाए।